# कीर्तन में घूमे मोरछड़ी मेरे सांवरिया सरकार की लिरिक्स

कीर्तन में घूमे मोरछड़ी,
मेरे सांवरिया सरकार की।

दोहा – मोरछड़ी की महिमा भारी,
दुनिया सारी कहती है,
श्याम सांवरे के संग में,
मोरछड़ी ये रहती है।

---

कीर्तन में घूमे मोरछड़ी,
मेरे सांवरिया सरकार की,
सांवरिया सरकार की मेरे,
बाबा लखदातार की,
कीर्तन में घूमें मोरछड़ी,
मेरे सांवरिया सरकार की।bd।

---

जब जब भी कीर्तन में बाबा,
लीले चढ़कर आवे,
अपने भक्तों के ऊपर ये,
मोरछड़ी लहरावे,
जादूगारी ये मोरछड़ी,
मेरे सांवरिया सरकार की,
कीर्तन में घूमें मोरछड़ी,
मेरे सांवरिया सरकार की।bd।

---

बाबा की इस मोरछड़ी में,
भरी है अद्भुत शक्ति,
इसके झाड़े से मिल जाती,
हर कष्टों से मुक्ति,
कामनगारी ये मोरछड़ी,
मेरे सांवरिया सरकार की,
कीर्तन में घूमें मोरछड़ी,
मेरे सांवरिया सरकार की।bd।

---

श्याम बहादुर जी ने मोरछड़ी,
की महिमा जानी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

इसके झाड़े से खुले ताले,
'स्मृति' गाये कहानी,
'पंकज' को जिताती मोरछड़ी,
मेरे सांवरिया सरकार की,
कीर्तन में घूमें मोरछड़ी,
मेरे सांवरिया सरकार की।bd।

---

कीर्तन में घूमें मोरछड़ी,
मेरे सांवरिया सरकार की,
सांवरिया सरकार की मेरे,
बाबा लखदातार की,
कीर्तन में घूमें मोरछड़ी,
मेरे सांवरिया सरकार की।bd।

**Singer – Smriti Mishra**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com